प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

प्रधानमंत्री – बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर आज शाम सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बातचीत करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री सभी राज्य की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में "टीम इंडिया" की भावना से समन्वित प्रयासों को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं होंगे।

एक्साइज डयूटी

केंद्र सरकार ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए पैट्रोल व डीजल पर एक्साइज डयूटी घटाने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस निर्णय के अनुसार पैट्रोल पर एक्साइज डयूटी 13 रूपए से घटाकर शून्य कर दी गई है जबकि डीजल पर 10 से घटाकर 3 रूपए प्रति लीटर की गई है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद देश में पैट्रोल व डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाई जाएंगी और लॉकडाउन जैसी अफवाहें निराधार हैं।

पंचायत चुनाव

राज्य चुनाव आयोग ने पंचायती राज चुनावों को लेकर अनुपूरक मतदाता सूचियां तैयार करने का कार्यक्रम जारी कर दिया हैं। इस वर्ष पहली अप्रैल को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचियों का पुनर्निरीक्षण किया जाएगा। चंबा जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि 20 अप्रैल तक अनुपूरक मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को सस्ती व किफायती दरों पर बिजली देने के लिए वचनबद्ध है और इसके लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड को सुदृढ़ करने के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान व्यवस्था परिवर्तन को लेकर लगातार प्रयास जारी है और आने वाले समय में उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली मुहैया करवाई जाएगी।

नितिन गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने देश में हिमाचल जैसे दुर्घटना की आशंका वाले राज्यों में ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए हैं और सड़क डिजाइन व सुरक्षा में सुधार के लिए 40 हजार करोड़ रूपए से अधिक धनराशि खर्च की गई है। उन्होंने बताया कि हिमाचल जैसे हिमालयी राज्यों में चिन्हित किए गए साढ़े तीन सौ ब्लैक स्पॉट में से 280 का सुधार किया जा चुका है।

<u>विधानसभा सत्र</u>

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण की आज आठवीं बैठक है। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा विधानसभा में कई विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। सदन में अगले वित्त वर्ष के लिए बजट अनुमानों की अनुदान मांगों का प्रस्तुतिकरण, चर्चा और मतदान होगा। बजट सत्र का दूसरा चरण 2 अप्रैल तक चलेगा। सत्र के पहले चरण में 16 से 18 फरवरी तक तीन बैठकें आयोजित की गईं थीं।

<u>आईपीएल – दूसरा चरण</u>

आईपीएल–2026 का पहला चरण कल 28 मार्च से शुरू हो रहा है। प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में कल शाम वर्तमान चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आमने–सामने होंगे। बी.सी.सी.आई. ने इंडियन प्रीमियर लीग –आई.पी.एल के दूसरे चरण का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। प्ले ऑफ के आयोजन स्थलों की जानकारी बाद में साझा की जाएगी। दूसरे चरण में 12 शहरों में 50 मैच खेले जाएंगे। इनमें बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली शामिल हैं। ये मैच 13 अप्रैल से 24 मई तक चलेंगे। मई महीने में आईपीएल के 3 मैच धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भी खेले जायेंगे।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3:00 बजे नमस्कार।